>

Title: Issue regarding statue of former Prime Minister Shri Rajiv Gandhi in Reeva in Madhya Pradesh.

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद): माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपका ध्यान मध्य प्रदेश की एक बहुत महत्वपूर्ण और बड़ी घटना की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। मध्य प्रदेश के प्रमुख शहर रीवा में एक चौराहे पर स्वर्गीय प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री राजीव गांधी की प्रतिमा स्थापित है। स्थानीय प्रशासन मार्ग चौड़ीकरण के नाम पर उस चौराहे पर स्थित स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी की प्रतिमा से छेड़-छाड़ करने की कोशिश कर रहा है। प्रशासन यह भूल गया है कि स्वर्गीय श्री राजीव गांधी कांग्रेस के नेता ही नहीं, इस देश के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। मध्य प्रदेश की सरकार यह भी भूल गयी है कि स्वर्गीय श्री राजीव गांधी भारत रत्न तो थे ही, साथ ही गांधी परिवार की ऐतिहासिक विरासत के सहभागी भी थे।

मेरा विनम्र अनुरोध है कि रीवा में चल रहे स्थानीय कांग्रेसजनों के धरने, प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस के बहुत बड़ी मात्रा में हमारे साथी और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष शामिल हैं। स्थानीय जनमानस आन्दोलनरत है। आपका हस्तक्षेप स्वर्गीय राजीव गांधी जी के प्रति श्रद्धा का भाव ज्ञापित करेगा, साथ ही स्थानीय प्रशासन और सरकार जो माहौल खराब करने की कोशिश कर रही है, उससे भी मुक्ति मिलेगी।

मैं अनुरोध करूंगा कि केन्द्र सरकार की ओर से प्रदेश सरकार को निर्देश जारी हो कि वहां स्वर्गीय प्रधान मंत्री जी की प्रतिमा के साथ ...(व्यवधान)

श्री गणेश सिंह (सतना): अध्यक्ष महोदया, इस तरह का कोई मामला नहीं है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अब आप समाप्त कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री गणेश सिंह : वहां चौराहों का सौन्दर्यीकरण हो रहा है।...(व्यवधान)

श्री उदय प्रताप सिंह : मेरा निवेदन है कि केन्द्र सरकार का हस्तक्षेप नितांत आवश्यक है। इस बारे में हस्तक्षेप करने की कृपा करें।...(व्यवधान)